भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3055**
11.03.2026 को उत्तर देने के लिए

**आंध्र प्रदेश में महिलाओं के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी योजना**

**†3055. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः**
**श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान महिलाओं के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी (एसटीडब्ल्यू) योजना के अंतर्गत स्वीकृत और कार्यान्वित परियोजनाओं की संख्या का राज्य-वार और विशेषकर आंध्र प्रदेश में जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत कवर की गई महिला लाभार्थियों की संख्या का राज्य-वार और विशेषकर आंध्र प्रदेश में जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने महिलाओं की आजीविका और प्रौद्योगिकी तक पहुंच पर इसके प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए उक्त योजना के अंतर्गत कोई मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो इसके मुख्य निष्कर्ष क्या हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार के अंतर्गत महिलाओं के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम (एसटीडबल्यू), महिलाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से अनुप्रयुक्त अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) परियोजनाओं का समर्थन करता है। यह कार्यक्रम महिलाओं की आजीविका में सुधार, श्रम कठिनाई को कम करने तथा उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियों के विकास, अनुकूलन और प्रसार पर केंद्रित है। यह कार्यक्रम महिला प्रौद्योगिकी पार्कों (डब्ल्यूटीपी) की स्थापना में भी सहायता प्रदान करता है ताकि क्षेत्रीय स्तर पर प्रदर्शन और प्रशिक्षण केंद्रों को बढ़ावा दिया जा सके और विशेष रूप से ग्रामीण और कम संसाधनों वाले क्षेत्रों में महिलाओं को इन प्रौद्योगिकियों के उचित उपयोग और हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाया जा सके। पिछले पांच वर्षों के दौरान, एसटीडब्ल्यू कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 43 परियोजनाओं को स्वीकृत और कार्यान्वित किया गया है। परियोजनाओं का राज्यवार और विशेषकर आंध्र प्रदेश में जिलावार ब्यौरा, *अनुलग्नक-I* में दिया गया है।

(ख) महिला प्रौद्योगिकी पार्कों (डब्ल्यूटीपी) की स्थापना के माध्यम से, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को इन पार्कों में प्रदर्शित उपयुक्त प्रौद्योगिकी मॉडलों पर प्रशिक्षण प्रदान करने के प्रयास किए जाते हैं। इसका उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी-आधारित क्रियाकलापों के माध्यम से, क्षेत्र-विशिष्ट संसाधनों का उपयोग करते हुए, उनके कौशल विकास और क्षमता निर्माण का समर्थन करना है, ताकि स्थानीय आत्मनिर्भरता और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जा सके। डब्ल्यूटीपी के अंतर्गत शामिल महिला लाभार्थियों की राज्य और जिला-वार संख्या, विशेषकर आंध्र प्रदेश के संबंध में, *अनुलग्नक-II* में दी गई है।

(ग) यह विभाग समय-समय पर प्रगति रिपोर्टों, क्षेत्रीय दौरों और तृतीय-पक्ष मूल्यांकनों (जहाँ भी संभव हो) के माध्यम से एसटीडबल्यू कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजनाओं की निगरानी और समीक्षा करता है, ताकि महिलाओं की आजीविका और प्रौद्योगिकी तक पहुँच पर उनके प्रभाव का आकलन किया जा सके। महिला प्रौद्योगिकी पार्कों (डब्ल्यूटीपी) पर किए गए एक अध्ययन रिपोर्ट ने उनकी स्थिरता के लिए उपायों को रेखांकित किया गया है और पाया गया है कि डब्ल्यूटीपी ने ग्रामीण महिलाओं और एसएंडटी संस्थानों के बीच संबंधों को मजबूत किया है, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता को बढ़ाया है, स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय में सुधार किया है और उपयुक्त प्रौद्योगिकी आधारित क्रियाकलापों के माध्यम से आय वृद्धि के लिए अधिक अवसर पैदा किए हैं। इस प्रकार यह कार्यान्वयन क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार और सतत विकास में योगदान दे रहा है। डब्ल्यूटीपी की सफलता की कहानियों, इन केंद्रों से प्राप्त प्रमुख सीखों और विशेषज्ञ समूहों की सिफारिशों सहित एक विस्तृत रिपोर्ट विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की वेबसाइट (https://dst.gov.in/sites/default/files/Study%20of%20Women%20Technology%20Parks%20Report.pdf) पर उपलब्ध है।

**अनुलग्नक -I**

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | परियोजना का शीर्षक | संस्थान का विवरण | जिला | स्वीकृत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **तमिलनाडु** | | | |
| 1. | 2020-21 | महिला-विशेष सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए मशीन लर्निंग तकनीक का कार्यान्वयन | डॉ. महालिंगम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पोलाची, तमिलनाडु | कोयंबटूर | 14,37,344/- |
| 2. | | सिरुमुगई बुनाई क्लस्टर के ग्रामीण महिलाओं के उत्थान के लिए पर्यावरण-अनुकूल और किफायती रेशम रंगाई तकनीक | कुमारगुरु कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर, तमिलनाडु | | 19,75,000/- |
| 3. | | स्थान आधारित अलर्टिंग का उपयोग करने वाला महिलाओं की सुरक्षा के लिए निवारक ऐप | अरुपादाइवेदु इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पय्यानूर, चेन्नई तमिलनाडु | चेंगलपट्टू | 13,22,520/- |
| 4. | 2021-22 | गर्भ में शिशु के तनाव की निगरानी के लिए गैर-आक्रामक उपकरण | सेतु इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पुल्लुर, विरुधुनगर, तमिलनाडु | विरुदुनगर | 21,47,899/- |
| 5. | | महिलाओं में अवसाद: असंगठित क्षेत्र और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में कामकाजी महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए चिकित्सीय दृष्टिकोण | भारथियार विश्वविद्यालय, कोयंबटूर, तमिलनाडु | कोयंबटूर | 34,03,693/- |

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | परियोजना का शीर्षक | संस्थान का विवरण | जिला | स्वीकृत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 6. | 2024-25 | डिजिटल साक्षरता के माध्यम से महिलाओं के सतत आजीविका के आर्थिक और कौशल सशक्तिकरण के लिए एक बहुमुखी पोर्टेबल फ्रेमवर्क | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु | तिरुचिरापल्ली | 36,59,316/- |
| 7. | | रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस का पता लगाने के लिए अल्ट्रासाउंड आधारित कम लागत वाली बेल्ट | सेतु इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, पुल्लूर, विरुधुनगर, तमिलनाडु | विरुदुनगर | 24,91,309/- |
| 8. | | सलेम जिले के चिन्ना कलरायन पहाड़ियों में ग्रामीण आदिवासी महिला प्रौद्योगिकी पार्क | तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर, तमिलनाडु | कोयंबटूर | 71,28,787/- |
| 9. | | ग्रामीण महिलाओं के विकास के लिए बुने कपड़े के अपशिष्ट से चटाई बनाने के करघे का उन्नयन | एनआईएफ़टी-टीईए निटवियर फैशन कॉलेज, मुदालिपालयम, तिरुपुर, तमिलनाडु | तिरुपुर | 56,25,100/- |
| **कर्नाटक** | | | | | |
| 10. | 2020-21 | रेशम कृषि में महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु प्यूपा का लिंग पहचान और कूकून काटने के लिए एआई मशीन का विकास | क्राइस्ट विश्वविद्यालय, बैंगलुरु, कर्नाटक | बेंगलुरु | 20,59,410/- |

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | परियोजना का शीर्षक | संस्थान का विवरण | जिला | स्वीकृत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 11. | 2021-22 | उडुपी, कर्नाटक में गर्भाशय माइक्रोबायोम विविधता, महिलाओं का स्वास्थ्य और सशक्तिकरण | श्री धर्मस्थला मंजुनाथेश्वर विश्वविद्यालय (एसडीएम), धारवाड़, कर्नाटक | धारवाड़ | 16,11,744/- |
| 12. | 2023-24 | पोषक तत्वों की कमी के प्रभावी प्रबंधन के लिए आटे का नैनो फोर्टिफिकेशन | एम.एस. रामैया यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज, बैंगलुरु, कर्नाटक | बैंगलुरु | 13,92,381/- |
| 13. | 2024-25 | बहुआयामी संवर्धन दृष्टिकोणों का उपयोग करके बागवानी उपायों के माध्यम से कर्नाटक की लघु कृषक महिलाओं की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना | आईसीएआर-भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बैंगलुरु, कर्नाटक | बैंगलुरु | 78,41,931/- |
| **राजस्थान** | | | | | |
| 14. | 2020-21 | स्त्रीरोग और प्रसूति विभाग में मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना | मणिपाल विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान | जयपुर | 11,85,000/- |
| 15. | 2021-22 | जयपुर, राजस्थान में फसल उत्पादन और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सुपरएब्सॉर्बेंट हाइड्रोज़ेल के निर्माण और इसके मूल्यांकन हेतु विकास और कौशल आधारित प्रशिक्षण | केंद्रीय प्लास्टिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीईटी) - पेट्रोकेमिकल्स प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर, राजस्थान | जयपुर | 59,25,800/- |

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | परियोजना का शीर्षक | संस्थान का विवरण | जिला | स्वीकृत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| **असम** | | | | | |
| 16. | 2020-21 | लखीपुर, असम की आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बुनाई इकाइयों का आधुनिकीकरण | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, सिलचर, कचर, असम | कचर | 21,81,440/- |
| 17. | 2021-22 | सौर फोटोवोल्टिक चालित गन्ना काटने की मशीन का डिज़ाइन और विकास | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी, असम | गुवाहाटी | 24,11,720/- |
| **सिक्किम** | | | | | |
| 18. | 2024-25 | महिला प्रौद्योगिकी पार्क (डबल्यूटीपी), सिक्किम की स्थापना | विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, सिक्किम सरकार - सिक्किम राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, गंगटोक, सिक्किम | गंगटोक | 64,40,320/- |
| **हरियाणा** | | | | | |
| 19. | 2020-21 | रजोनिवृत्ति के लक्षणों को दूर करने के लिए अलसी से समृद्ध प्रोबायोटिक डेयरी उत्पादों का विकास | आईसीएआर राष्ट्रीय दुग्ध अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा | करनाल | 35,06,225/- |
| **हिमाचल प्रदेश** | | | | | |
| 20. | 2020-21 | लघु पैमाने पर फल और सब्जी खेती और उप-उत्पादन प्रबंधन में महिला उद्यमियों के लिए आजीविका सृजन और सुधार | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मंडी, हिमाचल प्रदेश | मंडी | 35,65,540/- |

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | परियोजना का शीर्षक | संस्थान का विवरण | जिला | स्वीकृत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिल्ली** | | | | | |
| 21. | 2020-21 | महिला-केंद्रित व्यापक वजन प्रबंधन मॉड्यूल का विकास और मूल्यांकन | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली | दक्षिण दिल्ली जिला | 35,84,988/- |
| 22. | 2024-25 | महिला किसानों के लिए आजीविका सुरक्षा बढ़ाने के लिए कृषि उत्पादों और डेयरी उत्पादों को संग्रहीत करने तथा दूध ठंडा करने हेतु फार्म सनफ्रिज। | आईसीएआर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली | मध्य दिल्ली | 41,24,944/- |
| 23. | | भारत महिला सशक्तिकरण एटलस की क्षेत्रीय कार्यान्वयन और उपयोग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण के साथ क्षमता निर्माण | किरोरी मल महाविद्यालय, दिल्ली | उत्तर दिल्ली | 58,60,499/- |
| **आंध्र प्रदेश** | | | | | |
| 24. | 2024-25 | उभरती **3**डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके बांस संलयन के माध्यम से शिल्पकला में आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना। | गायत्री विद्या परिषद कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग**,** विशाखापत्तनम**,** आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम | 46,00,920/- |

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | परियोजना का शीर्षक | संस्थान का विवरण | जिला | स्वीकृत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| **झारखंड** | | | | | |
| 25. | 2021-22 | क्षमता निर्माण और उद्यमिता विकास के लिए महिला प्रौद्योगिकी पार्क (डबल्यूटीपी) | सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर, झारखंड | पूर्वी सिंहभूम | 52,60,654/- |
| **गुजरात** | | | | | |
| 26. | 2021-22 | गुजरात में चयनित ग्रामीण महिलाओं की आजीविका संवर्धन के लिए औषधीय पौधों में मूल्य संवर्धन | गुजरात इकोलॉजी सोसाइटी, वडोदरा, गुजरात | वडोदरा | 18,19,902/- |
| **पश्चिम बंगाल** | | | | | |
| 27. | 2021-22 | एंडोमेट्रियोसिस और एडेनोमायोसिस से पीड़ित महिलाओं में दर्द और बांझपन प्रबंधन के लिए एक नया दृष्टिकोण | प्रजनन चिकित्सा संस्थान, कोलकाता, पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 29,37,700/- |
| 28. | 2024-25 | भारतीय किसानों के लिए मानव संगत रूप से अनुकूलित और महिलाओं के अनुकूल ट्रैक्टर का विकास | केंद्रीय यांत्रिक अभियांत्रण अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल | पश्चिम बर्धमान | 47,99,095/- |
| 29. | | महिलाओं द्वारा सतत हाइड्रोपोनिक्स और स्थानीय मत्स्य पालन के लिए पारबॉयल्ड चावल मिल के अपशिष्ट जल का जैव-उपचार और पुनर्चक्रण | पश्चिम बंगाल राज्य विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 67,32,296/- |

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | परियोजना का शीर्षक | संस्थान का विवरण | जिला | स्वीकृत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| **नागालैंड** | | | | | |
| 30. | 2021-22 | पूर्वोत्तर की ग्रामीण आदिवासी महिलाओं के लिए तकनीकी उपायों के माध्यम से महिला प्रौद्योगिकी पार्क (डब्ल्यूटीपी) | स्टेट कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन, कोहिमा, नागालैंड | कोहिमा | 44,68,807/- |
| **मध्य प्रदेश** | | | | | |
| 31. | 2021-22 | नरहरपुर ब्लॉक, कांकेर (छत्तीसगढ़) में आदिवासी महिलाओं की आजीविका में सुधार के लिए प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन मॉडल हेतु महिला प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना करना। | मध्य प्रदेश विज्ञान सभा ज्ञान विज्ञान परिसर, भोपाल, मध्य प्रदेश | भोपाल | 42,70,980/- |
| 32. | | जन स्वास्थ्य में सुधार के लिए मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की आदिवासी महिलाओं में यौन संचारित रोगजनकों की मल्टीप्लेक्स रियल-टाइम पीसीआर आधारित तुरंत पहचान। | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्य प्रदेश | अन्नूपुर | 54,43,760/- |
| **उत्तराखंड** | | | | | |
| 33. | 2021-22 | स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके उत्तराखंड के आकांक्षी जिले उधम सिंह नगर की वंचित, विशेष रूप | जी. बी. पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड | उधम सिंह नगर | 54,47,376/- |

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | परियोजना का शीर्षक | संस्थान का विवरण | जिला | स्वीकृत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | से रिवर्स माइग्रेंट महिलाओं को आजीविका के अवसर प्रदान करना | | | |
| 34. | | महिलाओं की आजीविका संवर्धन के लिए नेटल और लाइओसेल फाइबर से किफ़ायती पॉलीथीन के विकल्प के रूप में बायोडिग्रेडेबल कपड़े का विकास | उन्नति महिला उद्यमिता एवं प्रशिक्षण समिति, देहरादून, उत्तराखंड | उधम सिंह नगर | 22,38,800/- |
| 35. | | त्रिपुरा में प्रौद्योगिकी के क्रियाकलाप के माध्यम से हथकरघा बुनकरों की श्रमसाध्य मेहनत को कम करना और उनकी आय में वृद्धि करना | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की, उत्तराखंड | हरिद्वार | 75,27,634/- |
| **तेलंगाना** | | | | | |
| 36. | 2024-25 | महिला शिल्पकारों और वस्त्र परंपराओं का सशक्तिकरण | मल्ला रेड्डी इंजीनियरिंग कॉलेज, सिकंदराबाद, तेलंगाना | हैदराबाद | 49,60,288/- |
| **उत्तर प्रदेश** | | | | | |
| 37. | 2024-25 | पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण/उपनगरीय महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महिला प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना | सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश | मेरठ | 62,02,638/- |

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | परियोजना का शीर्षक | संस्थान का विवरण | जिला | स्वीकृत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 38. | | एआई, रोबोटिक्स और आईओटी का उपयोग करके कोट गांव, दादरी, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में महिला उद्यमिता के लिए जैविक खेती | जेएसएस विश्वविद्यालय नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | गौतम बुद्ध नगर | 37,50,803/- |
| **पंजाब** | | | | | |
| 39. | 2024-25 | पंजाब के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र की महिला किसानों और उद्यमियों के लिए क्विनोआ की खेती और प्रसंस्करण तकनीकों का अनुकूलन | पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना, पंजाब | लुधियाना | 40,37,757/- |
| **अरुणाचल प्रदेश** | | | | | |
| 40. | 2024-25 | डबल्यूटीपी: अरुणाचल प्रदेश के तिराप जिले के दादम गांव में ग्रामीण महिलाओं की पोषण सुरक्षा के लिए मिलेट/अल्प-उपयोगित फसलों के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर प्रौद्योगिकी अपनाने और जागरूकता के माध्यम से क्षमता निर्माण | अरुणाचल प्रदेश राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एपीएससीएसएंडटी), पापम परे, अरुणाचल प्रदेश | पापम परे | 56,91,020/- |
| **केरल** | | | | | |
| 41. | 2024-25 | मेनार्क से मेनोपॉज़ तक: स्वास्थ्य, पोषण और चयापचय प्रोफ़ाइल | सेंट टेरेसा कॉलेज, एर्नाकुलम, केरल | एर्नाकुलम | 42,14,874/- |

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | परियोजना का शीर्षक | संस्थान का विवरण | जिला | स्वीकृत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| **त्रिपुरा** | | | | | |
| 42. | 2024-25 | सतत और कुशल लेमनग्रास कटाई तथा कम कार्बन तेल निष्कर्षण के माध्यम से त्रिपुरा की ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण | त्रिपुरा विश्वविद्यालय, पश्चिम त्रिपुरा | पश्चिम त्रिपुरा | 74,50,512/- |
| **जम्मू और कश्मीर** | | | | | |
| 43. | 2024-25 | जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र कश्मीर के गांदरबल जिले के डैब गांव की महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय क्रियाकलाप | कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर | 56,42,684/- |

**<u>अनुलग्नक-II</u>**

| क्र.सं. | राज्य | जिला | डबल्यूटीपी की महिला लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम | 300 |
| 2. | तमिलनाडु | कोयंबटूर | 200 |
| | | तिरुचिरापल्ली | 268 |
| 3. | राजस्थान | जयपुर | 300 |
| 4. | सिक्किम | गंगटोक | 300 |
| 5. | उत्तर प्रदेश | मेरठ | 250 |
| 6. | झारखंड | पूर्वी सिंहभूम | 117 |
| 7. | नगालैंड | कोहिमा | 107 |
| 8. | मध्य प्रदेश | भोपाल | 200 |
| 9. | उत्तराखंड | उधम सिंह नगर | 346 |
| 10. | अरुणाचल प्रदेश | तिरप | 60 |

*****